### भक्तजनों ने चढ़ाए नेजा और जवारे प्रमुख मंदिरों पर लगा मेला

# नवरात्रों के अंतिम दिन पूजा और हवन के बाद कराया गया कन्या भोज







**भिण्ड ■ राज न्यूज नेटवर्क**

नवरात्रों के नौवे दिन भक्तजनों के द्वारा माता की विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा और हवन संपन्न होने के बाद घरों में सामूहिक कन्याभोज कराया गया। कन्याओं को भोजन उपरांत दान दक्षिणा भी दी गई। माता के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की खासी भीड़ जमा होने लगी थी। शाम के समय जिले के प्रमुख मंदिरों में मेला भी लगा हुआ था। मंदिरों में भीड़ होने की वजह से वहां पर पुलिस के द्वारा सुरक्षा के बंदोबस्त भी कराऐ गए थे। गुड़ी पड़वा से शुरु हुए नवरात्रि के पर्व को धर्मावलंबियों के द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया है। इस दौरान भक्तों ने अपने घरों में माता की जहां विधि विधान के साथ स्थापना की वहीं पूरे नौ दिन उनकी श्रद्धा के साथ उपासना भी की है। रविवार को नवमी तिथि होने पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके लिए घरों में सुबह से ही तैयारियां शुरु हो गई थी। पूजा और हवन होने के बाद कन्या और लांगुर भोज का आयोजन किया गया। छोटी छोटी कन्याओं के पैर पखारे गए उन्हें तिलक लगाया, माता की चुनरी उढ़ाई और फिर उनको बड़े ही चाव और श्रद्धा के साथ भोजन और मिठाई खिलाई जा रही थी। कन्याओं में सभी कॉलोनी वासियों के यहां जाने की जल्दबाजी दिख रही थी। शहर के अटेर रोड स्थित संतोषी माता मंदिर, भवानीपुरा स्थित बड़ी माता, गढ़ैया स्थित छोटी माता, भैरोकाली माता, इटावा रोड स्थित कुंडेश्वर मंदिर, सत्रह बटालियन स्थित मंदिर, चरथर वाली माता, पावई वाली माता सहित जिले भर के प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ दिखाई दे रही थी। माता के दर्शन के लिए करने के लिए भक्तों में साफ ललक दिखाई दे रही थी। शाम के समय मंदिरों में आकर्षक लाईटिंग देखते ही बन रही थी। इसके साथ ही सभी मंदिरों में शाम के समय महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किए गए। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया और उपस्थित भक्तों को प्रसादी का वितरण किया।

**कहीं विशाल भंडारे तो कहीं चलित भंडारे का हुआ आयोजन**

**नेजा और जवारे चढ़ाऐ गए:** सुबह से ही माता के मंदिर में घंटों और घड़ियालों की आवाज सुनाई देने लगी थी। एक दिन पूर्व अष्टमी के दिन रात्रि में कई जगहों पर माता को प्रसन्न करने के लिए हवन और जागरण किया गया। नवरात्रों के दौरान अधिकांश भक्तजनों के द्वारा जवारे बोए जाते हैं और दुर्गा नवमी के दिन जवारे और नेजा को माता पर चढ़ाया जाता है। नेजा को मंदिर तक ले जाने के लिए सामूहिक रूप से निकलते हैं और रास्ते भर माता के भजन गाऐ जाते हैं। कुछ लोगों के द्वारा घर से मंदिर तक दंडोती भी लगाई जाती है।

### संतोषी माता मंदिर पर लगा मेला

शहर के अटेर रोड स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर को नवरात्रि आयोजन के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया था। रात के समय जगमगाती लाईटिंग देखते ही बन रही है। अष्टमी और नवमी के दिन यहां पर बड़ी संख्या में माता के भक्त पहुंचे। जिनके द्वारा माता का श्रंगार, भोग और कन्याभोज कराने के बाद दान दक्षिणा दी गई। शाम के समय मंदिर परिसर के बाहर मेला भी लगा हुआ था। हर शुक्रवार को संतोषी माता का दर्शन करने के लिए आसपास ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में भक्तजन आते हैं। भक्तजनों का कहना है कि संतोषी माता से भक्त जो भी अपनी मनोकामना करते हैं वह पूर्ण होती है।

# वाटर हार्वेस्टिंग जल संरक्षण की महत्वपूर्ण इकाई इसे अपनाएं: डॉ. शैलेंद्र परिहार

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद कर रही जागरूक



**भिण्ड।** वाटर हार्वेस्टिंग एक ऐसी तकनीकी है जिसके माध्यम से न केवल जल को बचाया जा सकता है बल्कि आगे आने वाली पीढ़ी को भी हम एक जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दे सकते हैं। उक्त तकनीकी उतनी महंगी नहीं है और इसे अपने घरों पर अपने ऑफिस में अपने स्कूल में अपने परिसर में आसानी से लगाया जा सकता है। एक परिवार के लिए यह तकनीकी बहुत उपयोगी है। उक्त बात डॉक्टर शैलेंद्र परिहार ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत आयोजित जल संवाद कार्यक्रम में कही।

आनंद धाम परिसर में बोलते हुए डॉक्टर शैलेंद्र परिहार ने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग हम सभी के लिए आवश्यक है। जिसे वर्षा के जल के साथ-साथ घर में उपयोग होने वाले पानी को भी संरक्षित किया जा सकता है। अतः इस विधि को अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार और प्रचार करने की आवश्यकता है। जिससे जल संग्रहण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित हो सके हमारी आप सबसे अपील है कि इस अभियान को और तेजी से विस्तार दें। तथा पानी के संरक्षण को लेकर जितने भी प्रचार माध्यमों से आपके द्वारा गतिविधियां हो सकें वह अपने क्षेत्र में करें। डॉ शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि अब समय आ गया है पानी को पानी की तरह ना बहाएं और इसके संरक्षण पर कार्य करें। अब यह समय की मांग भी है और बेहद जरूरत भी है कि हम पानी की उपयोगिता को समझें और इसकी बूंद बूंद को सुरक्षित करने हेतु प्रयास करें। सेवा भारती द्वारा संचालित आनंद धाम प्रकल्प के प्रभारी अविनाश प्रधान ने कहा कि पानी को बचाने की आदत डालें। अभी हमें पानी को बचाने की आदत नहीं है हमें अपनी दिनचर्या में और दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले पानी के प्रति अपनी आदत को बदलना होगा। जिससे कि हम जल संरक्षण के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह ज्ञानेंद्र सिंह और बलवान सिंह ने भी संबोधित किया।

### ये सभी रहे कार्यक्रम में उपस्थित

उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया, सेवा भारती जिला समन्वयक बलवान सिंह, आनंदधाम प्रभारी अविनाश प्रधान, समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह, समाजसेवी गजेंद्र सिंह, समाजसेवी राजेश सहित समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, जिले के सभी स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी मेंटर्स एवं छात्र मौजूद थे। संचालन नीरज शर्मा व आभार प्रदर्शन अतुलकांत शर्मा ने किया।

### नेजा चढ़ाकर लौटे बुजुर्ग की हुई अचानक मौत



**भिण्ड।** अटेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम विंडवा में माता को नेजा चढ़ाकर लौटे एक बुजुर्ग की घर के बाहर अचानक मौत हो गई है। इसके बाद परिजनों के द्वारा बुजुर्ग को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। जानकारी के अनुसार साहिब सिंह बघेल पुत्र फौजदार निवासी विंडवा शनिवार को इटावा उत्तर प्रदेश में माता के मंदिर पर नेजा चढ़ाने के लिए गया हुआ था। रविवार सुबह के समय वह ट्रेक्टर ट्रॉली से जब नीचे उतरा तभी अचानक वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

## संदेहास्पद परिस्थिति में युवक का शव मिला सिंध नदी में



**भिण्ड।** ऊमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंध नदी में एक युवक का शव संदेहास्पद परिस्थिति में नदी में मिला है। शव मिलने के बाद परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद पुलिस के द्वारा पीएम कराया गया और पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार रिंकू शाक्य पुत्र मुंशी शाक्य उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरा थाना ऊमरी एक दिन पूर्व रात के समय अपने दोस्त के घर किसी काम से गया हुआ था। जब देर रात तक वह घर वापिस नहीं आया तो परिजनों के द्वारा उसे फोन लगाया गया। तो रिंकू ने कहा कि मैं अपने दोस्त के घर पर हूं सुबह आ जाऊंगा। शनिवार रात के समय खैरा गांव के सरपंच को किसी ने सूचना दी कि रिंकू की बाइक सिंध नदी के पुल पर खड़ी है और वहां पर कोई नहीं है। सरपंच के द्वारा सारी बात रिंकू के परिजनों से कही गई जिसके बाद परिजन वहां पर पहुंचे और देखा कि बाइक पुल पर खड़ी है। संदेह होने पर परिजनों के द्वारा नदी में नीचे जाकर देखा गया तो रिंकू का शव पानी में था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस के द्वारा शव को नदी से निकालकर जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शीतला माता मंदिर पर हुआ विशाल मेला एवं दंगल का आयोजन



**गोहद।** गोहद के खरौआ गांव में शीतला माता का विशाल मेला एवं दंगल का आयोजन रामनवमी के दिन रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, लहार, मुरैना, पोरसा, दिल्ली, हरियाणा, मेहगांव, गोहद खितोली, कठवां, खरौआ, जालौन, आगरा आदि जगहों से नामी गिरामी पहलवान दंगल में पहुंचे। जहां मंदिर समिति ने पहलवानों के जोड़े मिलवाए गए। शीतला माता पर लगभग 70 वर्ष से निरंतर दंगल भरा जाता है। मेला का शुभारंभ रविवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो निरंतर 7 बजे तक चला। दंगल प्रतियोगिता में विधायक केशव देशाई, जनपद उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि भी पहुंचे। दंगल में लगभग एक सैकड़ा से अधिक कुश्तियां कराई गई। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं मेला में दुकानें सजाई गई। ब%चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए। कन्याओं ने जबारे सिर पर रखकर चडवाए नेजा-गुडी पड़वा के दिन देवी विराजमान होती है तभी जबारे भी बोए जाते हैं। नवमी के दिन कन्याएं अपने सिर पर जबारे रखकर माता के दरबार पहुंची। तथा भगत की निगरानी में बड़े बड़े नेजा भक्तिभाव के साथ मंदिर में चढ़ाए गए। माता के दर्शन करने लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**जौरा विधायक, पूर्व विधायक परिजनों के साथ पहुंचे कोतवाली**

## लवली शर्मा सुसाइट केस में परिजनों के द्वारा कोतवाली में दिया गया धरना



**भिण्ड।** बिहारी स्कूल संचालक की बहू लवली शर्मा सुसाइट केस में लवली के मायके पक्ष के लोगों के साथ जौरा विधायक और पूर्व विधायक कोतवाली थाने पहुंचे। इसके बाद उनके द्वारा लवली के ससुरालियों पर मामला दर्ज करने की बात कही गई, जिसे पुलिस ने नकार दिया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा थाना परिसर में धरना दिया गया। फिर पुलिस ने कहा कि सात दिन का समय दीजिऐ जांच चल रही है। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। ज्ञात हो कि लवली शर्मा के द्वारा गत दिनों अपने ही घर के कमरे में खुद को फांसी लगा ली गई थी जिससे उसकी मौत हो गई। शव जब पीएम हाउस में लाया गया तो वहां पर परिजनों के द्वारा काफी शोर शराबा किया गया था। पुलिस ने उसी दिन मर्ग कायम कर लिया था। रविवार दोपहर के समय लवली के परिजन जौरा विधायक पंकज उपाध्याय और पूर्व विधायक बलवीर डंडोतिया के साथ कोतवाली थाने पहुंचे। परिजनों के द्वारा पुलिस से कहा गया कि लवली के ससुरालियों पर हत्या का मामला दर्ज करें। जिसके बाद पुलिस ने कहा कि मर्ग कायम कर लिया है। अभी किसी पर भी एफआईआर नहीं हो सकती है। इसके बाद उपस्थित लोगों के द्वारा नारेबाजी की जाने लगी। जिसके बाद कोतवाली में अन्य थानों का पुलिसबल भी बुला लिया गया था। आप हमें सात दिन का समय दीजिए जांच होने के बाद आपको बता दिया जाऐगा कि आगे क्या हो सकता है और क्या नहीं। जिसके बाद परिजन वहां से चले गए।

### पार्टी जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय पर किया पार्टी का झंडा रोहण

# भाजपा संगठन और सरकार के माध्यम से समाज में अहम भूमिका निभा रही है: देवेंद्र



**भिण्ड ■ राज न्यूज नेटवर्क**

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 46वां पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने 1480 बूथ केद्रों पर पार्टी ने कार्यक्रम आयोजित किया। भारतीय जनसंघ से भाजपा की स्थापना तक प्रमुख बिंदुओं के आधार पर संगठन की विचार और नीति को हर समाज तक पहुंचने का संकल्प लिया। पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने वार्ड क्रमांक 38 के बूथ क्रमांक 167 पार्टी जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी स्थित कालोनी में 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

वहीं पार्टी जिला अध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन, भाजपा के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाऐं दीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन और हमारी सरकारों के माध्यम से समाज सशक्तिकरण में अपनी अहिम भूमि का निभा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुकरणीय विचारों एवं संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को अंतिम उदय की योजना बनाकर विकसित और समृद्ध भारत की दिशा में जोड़ने का कार्य कर रही है। पार्टी कार्यालय पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, एवं कार्यक्रम प्रभारी उपेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र राजौरिया, जिला महामंत्री मनोज अनंत, जिला मंत्री पिंकी शर्मा, जिला मंत्री राधा कृष्ण शर्मा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया, पूर्व जिला महामंत्री उपेंद्र सिंह भदौरिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

**भगवान परशुराम की जन्म भूमि पर भी फहराया भाजपा का झंडा:** भगवान परशुराम की जन्म भूमि गोहद विधानसभा के मंडल मौ के शक्ति केंद्र जमदारा के बूथ क्रमांक 243 पर बूथ समिति व प्राथमिक सदस्यों के बीच बैठक की। और मां रेणुका पर मिष्ठान वितरण किया गया, भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस विधानसभा गोहद के मंडल मौ के शक्ति केंद्र डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के बूथ क्रमांक 261 अजय झा, बैहट रोड पर भी कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अंगद सिंह कुशवाह, मंडल अध्यक्ष राम अख्तियार सिंह गुर्जर,अजय झा, बासिद अली, अंकित जैन, मुकेश झा, कपिल झा, संदीप सोनी, अतेन्द कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

HDFC BANK

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

**अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से **वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

**अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादि का विवरण**

| क्रं. | शाखा एवं खाता का नाम | संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक | निरीक्षण की तिथी एवं समय | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथी/ समय | बोली प्राप्ति हेतु अंतिम तिथी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा-भिंड, मध्य प्रदेश एवं खाता मेसर्स राकेश कुमार अशोक कुमार अपने मालिक श्री राकेश कुमार शिवहरे के माध्यम से | श्रीमती सुशीला देवी शिवहरे | आवासीय संपत्ति वार्ड नंबर 36, मोहल्ला गोविंद नगर, भिंड, जिला-भिंड (म.प्र.) **मालिक** : सुशीला देवी शिवहरे **कुल क्षेत्रफल : 920 वर्ग फुट** | Rs.32,96,405.52 31.01.2020 तक बकाया राशि, ब्याज सहित, 01 फरवरी 2020 से प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारिख तक मासिक रूप से 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज सहित / 11th फरवरी, 2020 | 05/05/2025 एवं समय- प्रात:10.00 बजे से | Rs.25,00,000/- / ईएमडी Rs.2,50,000/- / बोली वृद्धि राशि Rs.50,000/- | 20/05/2025 प्रात: 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक | 16/05/2025 सायं 4.00 बजे तक | आशिष रावत Ashish.rawat9 @hdfcbank.com 9981126266 सुनील भानुशाली sunil.bhanushali @hdfcbank.com 9323176985 |

**नियम एवं शर्तें**

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **57500000904261** खाता का नाम : **DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV**, लाभार्थी का नाम : **एचडीएफसी बैंक लि.**, आईएफएससी कोड : **HDFC0000240** में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकद्मेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथिलेश कुमार, मोबाईल : 7080804466 एवं श्री शिबु बाबु , मो.: 9891628914**, हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए **उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी** से कार्यालय अवधि **(प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे)** के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ नियम 9(1) के तहत सांविधिक 30 दिवसीय बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से 30 दिन पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

दिनांक : 05.04.2025
स्थान : जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड